p>

Title: Request the government to issue a notification regarding claficartion about consumption of chicken meat due to Coronavirus outbreak.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं ।

महोदय, नासिक जिले में और महाराष्ट्र में पोल्ट्री व्यवसाय एक बहुत बड़ा व्यवसाय है, लेकिन हाल ही में कोरोना वायरस को लेकर कुछ भ्रम पैदा हुए हैं, जिनके कारण लोगों ने चिकन खाना बंद कर दिया है, लोग डर रहे हैं । इसके कारण पोल्ट्री व्यवसाय खतरे में आ गया है ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार के संबंधित मंत्रालय से यह विनती है कि एक नोटिफिकेशन जारी करे और जो नुकसान हो रहा है, उसके लिए विभाग से मदद दी जाए । धन्यवाद ।